## ठेकेदार की चल रही मनमानी, संबंधित विभाग नहीं दे रहा इस ओर ध्यान, पर्यावरण को पहुंचा रहे नुकसान

# छात्रावास निर्माण में दी जा रही हरे-भरे पेड़ों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

पर्या वरण को संरक्षित रखने के लिए सरकार लाखों करोड़ों रूपए लगाकर वृक्षारोपण करती है परंतु अगर हमारी सरकारें एक बड़े वृक्ष का संरक्षण नहीं कर पाई तो उसका यह वृक्षारोपण अभियान व्यर्थ का है। शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए बड़े वृक्ष न कटने दे अगर वृक्षों की कटाई होती है तो उन पर कठोर कार्रवाई करें। परंतु तामिया में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिल रहा है। छात्रावास के निर्माण में आधा दर्जनसे अधिक वृक्षों की कटाई तो हो गई है परंतु जिम्मेदारों पर पर्याप्त कार्रवाई का अभाव है और कार्रवाई का इंतजार भी है।




मामला यह है कि जनजाति कार्य विभाग छिंदवाड़ा द्वारा नवीन स्वीकृत आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास तामिया के निर्माण हेतु चयन भूमि में नीलगिरी के पेड़ काटे जाने से संबंधित ग्राम पंचायत तामिया से पेड़ काटे जाने की अनुमति मांगी गई है। इस पत्र में विसंगति है कि ग्राम पंचायत पेड़ काटने का अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करती है। नाक की पेड़ काटने की अनुमति देने का, ले कि न ज न जा ति य विभाग से पत्र पंचायत को पेड़ से काटने संबंध लिखा गया है। लेकिन पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की अनापत्ति और ना ही पेड़ काटे जाने की अनुमति दी गई है। बावजूद इसके ठेकेदार ने तकनीकी अधिकारी से मिलकर छात्रावास भवन हेतु ले आऊट डाल दिया है, लेकिन इसमें आने वाले सात पेड़ को बिना अनुमति के ठेकेदार द्वारा लगातार जेसीबी मशीन से उखाड़ कर नाले में फेंका जा रहा है जबकि पेड़ काटे जाने के अपने नियम है। वन विभाग इसको सत्यापित करता है और राजस्व विभाग संस्था को पेड़ काटे जाने के अनुमति प्रदान करता है और यह पेड़ वन विभाग के डिपो में रखे जाते हैं, लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से मेसर्स यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मनमानी इन पेड़ काटे जाने में साफ देखने मिल रही है। सोमवार को निर्माण स्थल पर जेसीबी मशीन से इन पेड़ों को बिना अनुमति मिले निर्माण कार्य की जल्दबाजी में नदी में फेंका दिया गया है जिससे पर्यावरण एवं ग्राम पंचायत की वन विभाग की अनुमति जैसे विभागों के नियम का खुला उल्लंघन छात्रावास बनाने वाले ठेकेदार द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

इस तरह जनजाति कार्य विभाग जो अपने भ्रष्ट कारनामों एवं फर्जीवाड़े के लिए जग जाहिर है, उसकी ही झलक इस छात्रावास निर्माण कार्य में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति उखाड़े जाने मैं भी देखने मिल रही है। जबकि प्रदेश एवं केंद्र सरकार ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है, लेकिन इन सारे पर्यावरण को बढ़ावा देने वाले प्रयासों का किस तरह से मजाक उड़ाया जा रहा है, वह इस बालक छात्रावास निर्माण में जनजातिय विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ठेकेदार के कारण देखा जा सकता है कि हरे भरे पेड़ों को किस तरह उखाड़ जाता है। ऐसा मामला कम ही देखने मिलता होगा ऐसा इसलिए सिर्फ हो पा रहा है कि ठेकेदार को राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।

इसी बलबूते पर वह अनुमति के इंतजार किए बिना ही निर्माण कार्य के एकदम कोने में इन पेड़ों को मशीन से उखाड़ रहा है, जबकि चाहत तो पेड़ काटे जाने की अनुमति का इंतजार कर सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है, वहीं इस छात्रावास निर्माण का लेआउट देने वाली कंसलटेंसी विभाग के एसडीओ ऊप यंत्री एवं सहायक आयुक्त इन हरे भरे पेड़ों को मशीन से उखाड़े जाने के लिए कम दोषी नहीं है।

इनके खिलाफ पर्यावरण को हानि पहुंचाने संबंधित प्रकरण बनाकर जिला प्रशासन को मिसाल पेश करनी होगी जिससे आने वाले समय में कोई भी ठेकेदार ऐसे हरे भरे पेड़ों को हानी ना पहुंच सके। इसके लिए कलेक्टर छिंदवाड़ा को ठोस कार्रवाई कर संबंधित अधिकारियों को दंडित किया जाना होगा।

## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना की वीरता और साहस को किया नमन

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने भारतीय सेना द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर पर मिली सफलता के लिए भारतीय सेना की वीरता और कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं को लगातार सफलता मिल रही है। सांसद श्री साहू ने कहा कि पहलगाम सहित अभी तक हुए आतंकवादी हमले में मारे गए शहीदों और उनके परिजनों को सही मायने में आज शांति मिली है। आज दुनिया ने भारत की ताकत को पहचान लिया है। भारतीय सेना द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन से आंतकवादी और पाकिस्तान के होश उड़ गए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय सेनाओं को खुली छूट देते हुए कहा गया था कि आप तय करे कब क्या करना है।

### आमजनों से भेंट करेंगे सांसद बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 9 मई को सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आमजनों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण भी करेंगे। विदित हो कि सांसद श्री साहू सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में लगातार लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते हुए उसका निराकरण कर रहे है। इसी कड़ी में वे शुक्रवार को भी आमजनों से मुलाकात करेंगे।

### घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आए सांसद

**छिन्दवाड़ा।** अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के मानवीय पहलू से सभी परिचित हैं। एक बार फिर सांसद श्री साहू ने अपने संवेदनशील होने का परिचय दिया है। दरअसल सांसद श्री साहू पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के कार्यक्रम उपरांत हर्रई से छिंदवाड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी नज़र सड़क किनारे पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी, जो जख्मी हालत में दर्द से कराह रहा था। सांसद श्री साहू ने फौरन अपनी गाड़ी रुकवाई और घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आए।

# जूते खरीदने गए शिक्षक के चोरों ने डिक्की से उड़ाए लाखों रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



दमुआ के ग्राम राखीकोल निवासी बलदेव वानखेडे भारतीय स्टेट बैंक शाखा दमुआ इंदिरा चौक से 1 लाख रुपए तकरीबन की रकम निकालकर मार्केट में खरीदारी के लिए पहुंचे थे। जिनकी गाड़ी की डिक्की से चोर द्वारा रकम पर हाथ साफ किया गया। दमुआ पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। कुछ दिनों पूर्व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बेरियर से इंदिरा चौक पर स्थान परिवर्तन हुआ है और चोरों ने इस मुख्य मार्ग को निशाना बनाना चालू कर दिया है।

सवाल यह भी उठना है कि दमुआ नगर पालिका क्षेत्र में लगाए गए अत्यधिक कैमरे भी बंद पड़े हुए हैं क्या वह कैमरे रेत माफिया और कोल माफियाओं के लिए बंद किए गए हैं। आम जनता में बना दहशत का माहौल भारतीय स्टेट बैंक शाखा जहां शिफ्ट है। इस परिसर में लगते हैं। साल भर में 4 बार मेले में यहां महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से लाखों लोगों आना जाना रहता है। दमुआ नगर निरीक्षक आशीष धुर्वे के द्वारा चोरों की पतासाजी की जा रही है। दमुआ नगर निरीक्षक आशीष धुर्वे ने व्यापारियों से भी अपील किया है कि वह अपने दुकान के कैमरे चालू करवाये और बाहरी व्यक्ति पर अगर किसी भी व्यापारी को शंका हो तो पुलिस प्रशासन दमुआ को जरूर सूचना दे। साल में तीन से चार बार मेले की भारी भीड़ रहने के कारण बैंक परिसर सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है।

बता दे कि यहां मेले की भीड़ अधिक होने के कारण इस तरह की घटना हो सकती है। जिस तरह से यह घटना एक शिक्षक के साथ हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र में चोरों के हौसले कितने बुलंद है।

### 36 छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग द्वारा आयोजित 54वीं संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 1 मई 2025 तक जबलपुर संभाग के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के 150 छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 52 पदक अर्जित किए। एथलेटिक्स में मनु वर्मा ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में 3 स्वर्ण पदक, श्रुति दुबे ने इन्हीं वर्गों में 3 रजत पदक, राजवीर इवनाती ने 200 मीटर में स्वर्ण, 100 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में 2 रजत पदक, वेदांत अशोलकर ने हेमर थ्रो में रजत और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीते। इसके अतिरिक्त अंडर-14 बालक हैंडबॉल टीम और अंडर-17 बालक क्रिकेट टीम ने स्वर्ण, तथा अंडर-14 क्रिकेट टीम ने रजत पदक हासिल किया।

# नपाध्यक्ष के प्रयासों से दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

दिव्यांग परिजनों के साथ पहुंची नगर पालिका सभी लोगो का मुंह मीठा कर मनाई खुशियांअमरवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी कि पहले से गांव के दिव्यांग ग्राम गंगाराम देवरी धन कुमारी बाई को ट्राई साइकिल दी गयी. दिव्यांग धन कुमारी पीड़ित ने न.प अध्यक्ष ट्राई साइकिल की मांग की थी पीड़ित को देख अध्यक्ष ने तुरंत साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था इसके कुछ दिनों पर ही दिव्यांग पीड़ित को इलेक्ट्रॉनिक साइकिल उपलब्ध कराई गई दिव्यांग साइकिल एवं परिजनों के साथ मिष्ठान लेकर नगर पालिका पहुंचकर अध्यक्ष के दफ्तर पहुंचे और मुंह मीठा कराया पीड़ित ने आभार व्यक्त किया कि आपके अथक प्रयासों से आज साइकिल मिली जिससे दैनिक दिनचर्या जीवन सफलता पूर्ण हो सके।

### उद्गम स्थलों का पूजन कर संरक्षण का दिया संदेश

**छिंदवाड़ा।** जल गंगा अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत छिन्दी में सीतारेवा नदी तथा जनपद पंचायत हर्रई के ग्राम सुरलाखापा के सुअरपाठ में शक्कर नदी के उद्गम स्थल पर पूजन-अर्चन कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।

मंत्री श्री पटेल ने सुरलाखापा में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन नदियों को संरक्षित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह नदियां बारहों महीने बहने की क्षमता रखती हैं, यदि हम इनके किनारों पर वृक्षारोपण करें और इनका ध्यान रखें तो भावी पीढ़ियों के लिए यह जलस्रोत अमूल्य धरोहर बन सकते हैं। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि नदियों के किनारे व्यापक स्तर पर पौधारोपण करें, जिससे न केवल रजल स्रोतों की रक्षा होगी।

## पुष्कर गिरड़कर बने राज्य उप विजेता

**छिंदवाड़ा।** मंदसौर मे राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 7 मई तक किया गया,जिसमे जिले के प्रतिभावान खिलाडी पुष्कर गिरडकर ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा के उदयीमान खिलाड़ी पुष्कर गिरड़कर लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में भाग लेकर जिलों को गौरवांवित कर रहे है। पुष्कर गिरड़कर ने अपने मैचों की श्रृंखला में लविन कुल्हाड़े (उज्जैन) लक्ष्य पांडेय(ग्वालियर) तनय जायसवाल (धार) को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मे खेले गए संघर्ष पूर्ण मैच में पुष्कर 2-1 से स्वर्णिम विकाश पाण्डेय (भोपाल) से पराजित होकर प्रदेश में 2 क्रम पर रहे । इसी के साथ छिंदवाड़ा की खुशी मालवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार मैच जीत कर अंतिम चक्र मे अपना स्थान सुनिश्चित किया। खिलाड़ियों ने अपनी जीत व सफलता का श्रेय कोच एवं मार्गदर्शक जावेद खान, राकेश चौरसिया, रोनी मोदी, अरविंद गिरड़कर, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, पवन मालवी को दिया।




उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से पुष्कर को 10,000 की राशि, प्रमाणपत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई । राज्य स्तर पर पुष्कर सहित जिले के खिलाड़ियों को मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ पदाधिकारी श्री राजेश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह बैस, अभिषेक पटनी, दारा जुनेजा आदि मौजूद रहे।

# टूव्हीलर वाहन से हो रहा अवैध शराब परिवहन

## कुंडीपुरा पुलिस ने साठ लीटर शराब के साथ दो वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



अवैध शराब के विरूद्ध थाना कुण्डीपुरा की सख्त कार्यवाही 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब आरोपियों के कब्जे से जप्त कर आरोपियो को जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन मे अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन में संलिप्ति व्यक्तियों के विरूद्ध आयुष गुप्ता के निर्देशन प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये जो वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा मनोज बघेल के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा अवैध हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब 60 लीटर कुल कीमती 6000/- रूपये आरोपियो के कब्जे से जप्त कर आरोपियो के खिलाफ अपराध क्रमांक 340/25 धारा 34(2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 08/05/25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के काले रंग की मो. सा. क्रमांक M.P 28 NB 4465 से एक पीले रंग की बोरी के अंदर प्लास्टिक की केन में हाथ भट्टी महुआ शराब लेकर रामगढ़ी होते हुए सुरगी तरफ से आये जिसे श्रृद्धा नर्सिंग कालेज के सामने घेरा बंदी कर पकड़ा गया दोनो आरोपियो के पास से एक पीले रंग की बोरी को चेक करने पर बोरी के अंदर प्लास्टिक की केन में 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब मिली जो आरोपी गणो से मौके पर 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब एवं घटना में प्रयुक्त मो सा M.P 28 NB 4465 जप्त कर आरोपी 01 देवा उर्फ देवानंद पिता एवनलाल काकोडिया उम्र 32 साल 02 रेशम पिता सुरेश बरकडे उम्र 23 साल दोनो निवासी रंगीन खापा थाना कुण्डीपुरा के विरूद्ध धारा 32(2) आबकारी के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही गिरफ्तार किया गया।जप्त संपत्ति 01-04 केन हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब कुल 60 लीटर कीमती 6000/- रूपये 02- काले रंग की H.F. डिलक्स मो. सा. M.P 28 NB 4465नाम आरोपी 01 देवा उर्फ देवानंद पिता एवनलाल काकोडिया उम्र 32 साल निवासी रंगीन खापा थाना कुण्डीपुरा 02 रेशम पिता सुरेश बरकडे उम्र 23 साल निवासी रंगीन खापा थाना कुण्डीपुरा।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

थाना प्रभारी कुण्डीपुरा मनोज बघेल,, सउनि राजेश शर्मा, सउनि मनोज रघुवंशी, प्र आर 238 भजन लाल तेकाम 53 हरीश वर्मा आर. 378 ब्रजेश ठाकुर, 164 जीवन सिंह महिला आर 95 रजनी सनोडिया, 164 जीवन रघुवंशी, 993 पुष्पराज रघुवंशी।

# मिडास कोचिंग संस्था के बच्चों का रहा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

एक बार फिर मिडास ने फिर साबित कर ही दिया कि संतरांचल में एक मात्र वह एक ऐसी कोचिंग है जो बच्चों को सफलता की नई ऊंचाईयों को छूने में अपना सर्वस्व लगा देती है तभी तो बच्चे हर बार सफलता की नई कहानियां गढ़ जाते है और इस बार दसवीं और बारहवीं के रिजल्ट से स्पष्ट है कि मिडास सिर्फ नीट और जेईई के लिए ही नहीं दसवीं और बारहवीं के लिए भी एक ऐसी कोचिंग है जिसका कोई मुकाबला नहीं है।

अजेन्द्र कुमार मिश्रा ने लाए 10वीं बोर्ड परीक्षा में सबसे अधिक 96.2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पे रहा एवं कई बच्चों ने लाए गणित में 100 में 100, 99, 98 और वही दूसरे तरफ़ धवल सिंह ठाकुर ने 12वी बोर्ड में सबसे अधिक 91.6 प्रतिशत अंक और इनके साथ साथ 10वी बोर्ड में क़रीब 12 बच्चों ने लाए 90 प्रतिशत से अधिक और 21 बच्चों ने लाए 80 प्रतिशत से अधिक अंक और वहीं अगर 12वी बोर्ड का बात करे तो 12वी बोर्ड में क़रीब 4 बच्चों ने लाए 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 24 बच्चों ने लाए 85 प्रतिशत से अधिक अंक, 75 बच्चों ने लाए 80 प्रतिशत से अधिक अंक और 111 बच्चों ने लाया। 75 प्रतिशत से अधिक अंक यह 12वीं के सभी बच्चे प्रतियोगी परीक्षा के साथ साथ तैयारी कर उत्तीर्ण किए है जो की बहुत बड़ी उपलब्धि है। सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मिडास के पूरे टीम ने दिये ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# तीन से सात लाख रुपए के पैकेज पर मिली नौकरी

## रोजगार से जुड़े युवा तो परिजन व पालकों के खुशी से छलक उठे आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



आर्थिक परेशानियों के बीच महानगरों में रहकर उच्च शिक्षा हासिल करना सभी के लिए संभव नहीं होता। विषम परिस्थितियों के चलते प्रतिभावना छात्र-छात्राएं कई बार उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे युवाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने उठाया था। नेताद्वय के प्रयासों से चयनित छात्र-छात्राओं को इंदौर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की गई।

नारियल बेचने से लेकर ठिलिया चलाकर परिवार का भरण पोषण करने के साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना संभव नहीं था। इस महंगाई के दौर में बड़े शहरों व महानगरों में रहकर पढ़ाई करना भी संभव नहीं है, किन्तु जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की आंखों में उच्च शिक्षा पाकर नौकरी करने का सपना था। उस सपने को माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी ने साकार किया तो परिजनों की खुशी बढ़ गई और यह खुशी उस वक्त दोगुनी हो गई जब युवा 3 से 7 लाख रुपए के पैकेज पर राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनी में नौकरी के लिए चयनित हो गए। उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे, उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि नेताद्वय के प्रयासों से नामुमकिन भी मुमकिन में तब्दील हो गया। पालक परिजनों ने सर्वप्रथम कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### नकुल-कमलनाथ के प्रयासों से पाई उच्च शिक्षा

इंदौर के रेनेसॉ यूनिवर्सिटी से जिले के प्रणय मजूमदार, त्रिवेन्द्र नारेकर, निहाल गुलेरिआ, रोहित गिडवानी, सर्वेश उइके, मिथिल कुमार राउत, मोहम्मद एजाज मंसूरी व पराग रघुवंशी ने निःशुल्क उच्च शिक्षा माननीय नकुल-कमलनाथ के प्रयासों से प्राप्त की जिसके पश्चात इन युवाओं का राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनी में चयन हुआ है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गांवों का हो रहा चहुंमुखी विकास : सांसद साहू

# आने वाली पीढ़ियों की चिंता हम सभी को करना होगा : मंत्री प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



आने वाली पीढ़ियों की चिंता हम सभी को करना होगा, सामुदायिक सहयोग से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है, बारहमासी नदियों पर संकट आएगा तो नर्मदा जैसी बड़ी नदियों पर भी संकट आएगा।

यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तामिया के ग्राम बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल सुरलाखापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम स्थल और ग्राम छिन्दी में स्थित सीतारेवा नदी के उद्गम स्थल पर आयोजित पूजन अर्चन के कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कही। ग्राम छिंदी में पंच सरपंच सम्मेलन कर आयोजन भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रमों को पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल,सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और विधायक राजा कमलेश शाह ने भी संबोधित किया। वहीं सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने ग्राम छिंदी में हजारी लाल साहू के निवास स्थान पर आमजनों से मुलाकात करते हुए बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे माह में तामिया की ग्राम पंचायत हर्रा कछार के ग्राम बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल, सुरलाखापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम और ग्राम छिंदी में स्थित सीतारेवा नदी के उद्गम स्थल पर गुरुवार 8 मई को कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

वही ग्राम छिंदी में पंच सरपंच सम्मेलन कर आयोजन भी किया गया। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथिगणों ने गांव में कन्याओं का पूजन किया। इसके बाद श्री पटेल एवं सांसद श्री साहू द्वारा बातरा में दूधी नदी के उद्गम स्थल और सुरला खापा में स्थित शक्कर नदी के उद्गम स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आदिवासियों भाईयों की स्वच्छ जीवन शैली से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पहाड़ों के पेड़ पोधों की जड़ों से हमें पानी मिलता है। इन पेड़ पोधों को हमें बचाना होगा। प्रकृति से हम सब ले रहे है, लेकिन हम प्रकृति को क्या दे रहे है इस पर चिंतन होना चाहिए।

## श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर मोक्षधाम परिसर दमुआ में चल रही कथा

# शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण करने उमड़े रहे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मृत्युलोक के देवता देवाधिदेव महादेव श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर मोक्षधाम परिसर दमुआ में दिनांक 04 मई से 10 मई तक सात दिवासीय श्री महापुराण ज्ञान यज्ञ संगीतमय कथा का भव्य आयोजन चल रहा है श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ संगीतमय कथा का रसपान श्री पंडित रमाकान्त शास्त्री महाराज जी नर्मा परिक्रमावासी के मुखारबिन्द से कथा का वाचन किया जा रहा है जबिकि श्री शिवमापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जा रही है जिसका श्रवण करने भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण महिला पुरूष वृद्ध युवक युवती आदि सभी लोग पहुंच रहे है और कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है श्री शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे व पांचवे दिन श्री शिवजी भगवान की महिमाका वर्णन किया गया और 8 मई को भक्त और भगवान के विषय पर विस्तार पूर्वक कथा सुनाई गइ्र एवं श्री शिवजी भगवान के भाव भक्ति का महत्व के समझाया गया।

## तेली समाज ने नगर मंडल अध्यक्ष को हटाकर समाज के व्यक्ति के लिए मांगा पद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज स्थानीय संत जगनाडे भवन में तेली समाज ने एक बैठक लेकर भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष पद पर अन्य समाज के व्यक्ति के नियुक्ति का विरोध करते हुए तेली समाज की उपेक्षा बताया। नगरमंडल अध्यक्ष का पद परंपरागत रुप से तेली समाज के व्यक्ति को दिए जाने की बात भी बैठक में उठी। ज्ञात हो कि तेली समाज वर्तमान में शहर में बहुसंख्यक है। इस बैठक में विशेष रुप से जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे के अलावा समाज के लोग मौजूद थे। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने तेली समाज का पक्ष संगठन के प्रदेशस्तरीय पदाधिकारियों के सामने प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। तेली समाज की इस बैठक को लेकर पांढुर्ना के अन्य समाज के लोगों की भिन्न प्रतिक्रिया सामने आयी है। किसी का कहना है कि नगरपालिका अध्यक्ष, नगरपालिका उपाध्यक्ष, प्रतिपक्ष, शहर के सोसायटियों के अध्यक्ष तथा राजनीतिक दलों के जिला और शहर अध्यक्ष इन पदों में से तेली समाज को कितने पद चाहिए और दूसरे समाज को कोई पद देना चाहते है या नहीं इसका फैसला कर सार्वजनिक कर दे। अन्य समाज की प्रतिक्रिया अन्य समाज के एक प्रतिनिधि का कहना है कि तेली समाज अपनी बैठक में कोई भी पद समाज के किस एक व्यक्ति को दिया जाए इसका निर्णय कर ऐसा लिखित पत्र राजनीतिक दलों को दे तो सारा विवाद खत्म हो जाए। एक अन्य प्रतिनिधि ने कहा कि निर्वाचन वाले और मनोनयन वाले सारे बडे पद यदि एक ही समाज को दिए गए तो ऐसे प्रतिनिधियों ने चुनाव के समय दूसरे समाज के घरों में जाकर वोट नहीं मांगना चाहिए, सिर्फ एक ही समाज से वोट मांगने चाहिए। इस विषय पर आज शहर में जितने मुंह उतनी बातें चल रही है।

## जूनियर रेडक्रॉस ने मनाया सर हेनरी ड्यूनॉट का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी व अध्यक्ष जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी छिंदवाड़ा श्री गोपाल सिंह बघेल के आदेश अनुसार विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चौरई में जिला सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी डॉक्टर ए. एस. ब्राउन ,जिला कोषाध्यक्ष श्री विनीत त्रिवेदी , जिला रेड क्रॉस पदाधिकारी श्री विनोद तिवारी , प्राचार्य श्री रामजी वर्मा , प्राचार्य श्री श्री महेंद्र अवस्थी ,वरिष्ठ संवाददाता श्री श्याम चौरसिया की उपस्थिति मनाया गया ।

जिला संगठक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि प्रति वर्ष रेड क्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्मदिन 08 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की थीम ₹मानवता के पक्ष₹ के अनुसार वर्ष भर गतिविधि संचालित की जावेगी । आज के कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती व सर हेनरी ड्यूनोट के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई ।

अतिथियों को काउंसलर श्री पंकज विश्वकर्मा , सुश्री नीलिमा ठाकुर, श्रीमती रंजीता डहरवाल ने स्कार्फ़ पहनकर स्वागत किया।

श्री मालवीय ने रेड क्रॉस के इतिहास पर प्रकाश डाला और जिला शिक्षा अधिकारी के संदेश को सुनाया और सभी ने रेड कोर्स शपथ ली ।अपने उद्बोधन में डॉक्टर ब्राउन ने जे आर सी कैडेट्स से कहा कि उन्हें जीवन की छोटी छोटी बातों को ध्यान में रख कर शारीरिक रूप से सक्षम बन कर देश के उत्तम नागरिक बनें। श्री त्रिवेदी ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मानवता के हित मे किये जा रहे कार्यो को उल्लेखित कर बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी इस वर्ष दवा की 4 नई दुकान खोलने जा रही है श्री विनोद तिवारी ने कहा कि रेड क्रॉस बीमार या दुर्घटना से ग्रस्त लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहती है।

## आदि गुरु शंकराचार्य पर व्याख्यान माला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद चौरई द्वारा उत्कृष विद्यालय चौरई में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन एवं कृतियों पर आधारित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पंडित सुशील तिवारी जी उपस्थित थे।कार्यक्रम का आयोजन जन अभियान परिषद चौरई द्वारा किया गया था, जिसमें विकास खंड समन्वयक एडवोकेट ललिता कुसरे, विकास खंड की नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियां के सदस्य, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।मुख्य वक्ता पंडित सुशील तिवारी जी ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कृतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य जी एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरु थे जिन्होंने अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों को प्रचारित किया। उन्होंने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जैसे कि उनके बचपन, शिक्षा, और संन्यास ग्रहण करने के बाद के जीवन परविकास खंड समन्वयक एडवोकेट ललिता कुसरे ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कृतियों के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं।कार्यक्रम का संचालन मनीष तिवारी द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी वक्ताओं का परिचय कराया और कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आभार प्रदर्शन संदीप शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।आदि गुरु शंकराचार्य जी पर व्याख्यान माला का आयोजन एक महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कृतियों पर चर्चा की गई। इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को आदि गुरु शंकराचार्य जी की शिक्षाओं और अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया।

### जुन्नारदेव के वॉलीबॉल शिविर में पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल

**छिन्दवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जुन्नारदेव में चल रहे ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेलों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, श्री शेषराव यादव, महापौर श्री विक्रम अहके, पूर्व विधायक श्री नथनशाह कवरेती, श्रीमती गरिमा दामोदर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे । मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मैदान से जुड़ाव हमें संघर्ष करना सिखाता है और यही संघर्ष आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है। छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करते रहने का आह्वान किया। मंत्री श्री पटेल ने आयोजन समिति को 37 वर्षों से निरंतर इस शिविर का सफल आयोजन करने के लिए बधाई भी दी। उल्लेखनीय है कि यह निशुल्क प्रशिक्षण शिविर वर्ष 1989 में स्व. श्री एस.एस. शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो अब जुन्नारदेव की पहचान बन चुका है। इस वर्ष भी यह शिविर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 250 छात्र-छात्राएं नौ मैदानों पर 50 वॉलीबॉल के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षकों में अनुरोध शर्मा, अनुराग शर्मा, धनंजय चौरसिया, राजीव गौतम, आकिब खान, परितोष चौरसिया, संजय आदि मौजूद रहे।

# वारासिवनी व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**वारासिवनी।** उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 मई 25 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में किया जा रहा हैं। लोक अदालत पक्षकारों के मध्य विवादों का समाधान करने के लिए सबसे उचित माध्यम हैं। लोक अदालत में उपस्थित होकर पक्षकार न्यायालय में लंबित अपने विवादों को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण कर सकते हैं। तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के अध्यक्ष ने बताया कि अपने विवादों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के पहले अथवा न्यायालय में विचाराधीन रहने के दौरान सुलह समझौता हेतु लोक अदालत में रखे जाने के संबंध में न्यायालय अथवा तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण वारासिवनी में आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से विवादों का निपटारा करने की प्रक्रिया निःशुल्क होती हैं, लोक अदालत में विवादों की गोपनीयता बनाई रखी जाती हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का निराकरण करने के अनेंक फायदे हैं, जिनमें विवादों का तुरंत व शीघ्र समाधान, समय व खर्च की बचत, विवाद का हमेशा हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान जिसमें भावी संबंध सुधरते हैं, निर्णय पक्षकारों की सहमति के आधार पर, अनौपचारिक निजी एवं पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव कायम करने में सहायक और लोक अदालत के माध्यम से विवाद निपटाने पर वादी न्यायालय शुल्क अधिनियम 1870 की धारा 16 के तहत न्यायालय शुल्क वापिस पाने का हकदार होता हैं। तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण वारासिवनी ने पक्षकारों से अपील की हैं कि 10 मई 25 को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपस्थित होकर न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विवादों का निराकरण करे एवं लोक अदालत का लाभ उठायें।

# केशव स्कूल के 2 छात्राओं ने कक्षा 10 वीं की जिले की प्रावीण्य सूची में पाया स्थान

**वारासिवनी।** स्थानीय केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल का हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें हाईस्कूल कक्षा 10 वीं में 56 छात्र-छात्राऍ सम्मिलित हुए। जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक 26 एवं 60 प्रतिशत से 89 प्रतिशत तक 30 छात्र-छात्राऍ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें से जिले की प्रावीण्य सूची में कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी प्रियांशा चौहान ने द्वितीय स्थान व कुमारी फाल्गुनी बिसेन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। वहीं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12 वीं में 39 छात्र-छात्राऍ शामिल हुए और सभी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। छात्र-छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य प्रदीप शर्मा, अध्यक्ष तिलक पारधी, सचिव संजय मान्धाता एवंसभी समिति सदस्यों ने शुभकामनाऍ प्रेषित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### रुद्र व अंश वर्मा ने कक्षा 10 वीं में पाई सफलता विधायक विवेक पटेल ने दी बधाई



वारासिवनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों में वारासिवनी नगर के वरिष्ठ पत्रकारगण आनंद वर्मा व राजकुमार गुड्डा वर्मा के सुपुत्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। आईडियल एकेडमी से कक्षा 10 वीं की परीक्षा देने वाले रुद्र आनंद वर्मा ने 72 प्रतिशत व गॉधी विद्या मंदिर से परीक्षा देने वाले अंश राजकुमार गुड्डा वर्मा द्वारा 94 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला में द्वितीय स्थान हासिल किया हैं। उनकी इस सफलता पर विधायक विवेक विक्की पटेल अपनी धर्मपत्नि नंदिनी पटेल के साथ पत्रकार आनंद/राजकुमार वर्मा के निवास स्थान पर पहुॅचे और उन्होंने दोनों रुद्र व अंश की सफलता पर उन्हें मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वर्मा बंधुओं के कक्षा 10 वीं शानदार प्रदर्शन पर उनके शुभचिंतकों व शिक्षकों सुनील सिंह, श्रद्धा वर्मा, हर्ष ठाकुर, आशीष व अवनीश श्रीवास्तव, अनिल पिपरेवार, अनिल पटले सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई, शुभकामनाऍ व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# तहसील न्यायालयों में वीडियो कॉल से भी बयान दर्ज हो सकेंगे

### कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व कार्यो की समीक्षा

के लिए



**बालाघाट ।** बहुत जल्द ही जिले की तहसीलों में भी वीडियो कॉल के माध्यम से बयान दर्ज किए जा सकेंगे। वह वीडियो कॉल एक विशेष सॉफटवेयर के माध्यम से लॉगिन करने के बाद हो सकेगा। यह सब तहसीलों में डिजिटल सेटअप करने से सम्भव हो सकेगा। गुरुवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान ही उन्होंने तहसीलों में डिजिटल सेटअप लगाने और उसके संचालन के सम्बंध में निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाईन और जनसुनवाई के लंबित आवेदनों के सम्बंध में कहा कि रेवेन्यू कोर्ट में प्रचलित प्रकरण फोर्स क्लोज कर सकते है, लेकिन सिविल कोर्ट के प्रकरणो को अनिवार्य हो तो ही फोर्स क्लोज करें। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक प्रकोप के प्रकरणो की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अपने आने अधिकार क्षेत्र में आने वाली तहसीलों में लंवित प्रकरणो की तत्प्रता से समीक्षा करने के निर्देश दिए है। जिले में ऐसे 26 जटिल प्रकरण लंबित है। बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान वॉटर बॉडी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में गति लाने के भी निर्देश दिए गए है।

**लाइव फीड की कलेक्टर करेंगे निगरानी**

कलेक्टर श्री मीना की मंशानुसार जिले में सभी राजस्व न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा व डिजिटल सेटअप लगाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। इस कार्य को देख रहें ई-गर्वनेंस के श्री विवेक मेश्राम ने बताया कि वैसे जिले में 6 एसडीएम कोर्ट और तहसीलदारों व नायब तहसील कोर्ट में कुल 32 कोर्ट में कैमरे लगेगें। इसका लाईव फीड कलेक्टर के चेम्बर में होगा,जिसकी निगरानी हो सकेगी।

**प्रगति नही लाने वाले पटवारियों पर फोकस करें और जिनके कार्य ठीक नही कार्यवाही करें**

कलेक्टर श्री मीना ने फॉर्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में पिछले एक सप्ताह में बनाई गई आईडी के सम्बंध में जानकारी ली। फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति से असंतोष व्यक्त करते हुए ऐसे पटवारी जो प्रगति नही ला पा रहें है। उन पर कार्यवाही करते हुए प्रगति लाने फोकस होने को कहा है। जिले में एक सप्ताह में 2589 फॉर्मर आईडी बनाई गई। खासकर कटंगी तहसील में कार्य मे प्रगति नही होने पर एसडीएम से प्रगति लाने के लिए योजना की जानकारी ली। एसडीएम श्री मधुवंत राव धुर्वे ने बताया ई शिविरों के माध्यम से डोर-टू-जाकर कार्य कर प्रगति लाई जाएगी। कटंगी तहसीलदार ने बताया कि 5 दिनों में जीरो आईडी बनाने वाले 13 पटवारियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है।

**उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन तत्परता से किया जाए**

कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व अधिकारियों को उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया त्वरित रूप से करने की हिदायत दी है। उन्होंने भूमि आवंटन कर प्रकरणो की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन द्वारा लगातार इसकी समीक्षा की जा रही है। इसके लिए एमपीआईडीसी द्वारा पोर्टल पर आवेदन किये जा रहे है। इसके लिए तत्काल रूप से मौका मुआयना करते हुए पूरी कार्यवाही कर एमपीआईडीसी को भूमि आवंटन करें। फिलहाल पुलिस द्वारा बैहर क्षेत्र में 5 स्थानों पर नवीन कैम्प स्थापित करने के लिए भूमि आवंटन की मांग की गई है। इसी तरह लांजी में वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट,कुम्हारिकला में उप स्वास्थ्य केंद्र,सरेखा बैहर में शासकीय औषधालय, बैहर में ही नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गीता भवन सहित 30 निर्माण कार्यो के लिए विभिन्न विभागों द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया गया है।

**अतिक्रमण व सीमांकन के प्रकरणों में आदेश करने के बाद अमल करने की प्रक्रिया भी पूरी करें**

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने अविवादित बंटवारे, नामान्तरण और अतिक्रमण के बारे में निर्देश दिए कि न्यायालयो से आदेश तो हो रहे है। लेकिन अमल नही हो रहा है, इसलिए इसकी समीक्षा भी साथ-साथ करते रहें। जनसुनवाई में ऐसे कई प्रकरण सामने आए है। अपने आदेश व न्यायालय की पूरी प्रक्रिया करें।

**ऑनलाइन सेवाओ की उच्च स्तर से समीक्षाएं जारी प्रदर्शन सुधारे**

कलेक्टर श्री मीना ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लंबित आवेदन की समीक्षा करते हुए कहा कि उच्च स्तर से ऑनलाइन सेवाओ की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसमें पदाभिहित अधिकारी अपना स्वयं का प्रदर्शन सुधारे और नागरिकों की सेवा में सक्रिय हो जाए। ध्यान रखें कि सर्विस प्रोवाइड करने में कोई कमी नहीं रहे। अन्यथा पेनाल्टी लगाई जाएगी, जो आगे के लिए अच्छा नही है। कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व कार्यो में आरओआर इंट्री,स्वामित्व योजना तहत ग्राउंड ट्रूथिंग, आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, वन ग्राम से राजस्व ग्राम और भू-अर्जन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

### प्रदेश की सूची में नाम रौशन करने वाले टॉपर्स को कलेक्टर श्री मीना ने दी बधाई और टिप्स

**बालाघाट ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों की प्रावीण्य सूची में बालाघाट के विद्यार्थियों का भी वर्चस्व है। प्रदेश की सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाले जिले के विद्यार्थियों का गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया। समारोह में उन्हें मेडल के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। वहीं कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ टिप्स भी दिए है। उन्होंने कहा कि लड़कियां प्रतियोगी परीक्षाओं सहित स्कूल की टॉपर्स सूची में मेजोरिटी में है। सभी स्कूल और अभिभावक भी आगे ऐसे ही परिणामों की उम्मीद करेंगे। आगे नही ऐसी सूची में अपना नाम दाखिल कराने के लिए कड़ी मेहनत बनाएं रखें। मेहनत में अपनी एनर्जी को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करें। आगे हर समय प्रतियोगी दौर आने वाला है, अपने इंटरेस्ट के क्षेत्र के साथ फोकस होना अत्यंत आवश्यक है। आज के दौर में हॉबी को भी अवसर या कैरियर के तौर पर देख सकते है। सम्मान समारोह में डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय, उत्कृष्ठ विद्यालय प्राचार्य श्री जोशी सहित विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

**इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2025 मेरिट सूची में कु. नितिशा देशमुख पिता श्री महेंद्र देशमुख समूह में छठवा स्थान, कु. प्रेरणा नरसिंघानी पिता श्री संतोष नरसिंघानी वाणिज्य समूह में दसवां स्थान, कु. फिजा खान पिता श्री जाकिर खान कृषि समूह में चौथा स्थान, कु. सुभानी बहेतवार पिता श्री रमेश बहेतवार,जीव विज्ञानसमूह में नोवा स्थान, शुभम नागेश्वर पिता श्री श्यामराज नागेश्वर,जीव विज्ञान समूह में दसवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा2025 मेरिट सूची कु. जान्हवी टिकेश्वर पिता श्री इंद्र कुमार टिकेश्वर छटवा स्थान, कु. हिमांशी नंदनवार पिताश्री योगेश कुमार नंदनवार आठवां स्थान, कु. पाली डोंगरे पिता श्री दीपक डोंगरे आठवां स्थान, कु. सुमित बिसेन पिता श्री सुरेंद्र बिसेन आठवां स्थान, कु. पल्लवी कौशल पिता श्री देवेंद्र कौशल नौवां स्थान, कु. गौरी लिल्हारे पिता श्री कपूर चंद्र लिल्हारे नोवा स्थान, कु. मोनिका बघेल पिता नुकेश कुमार बघेल 10 वा स्थान, चारु चौधरी कुंजीलाल चौधरी, करन कनोजे पिता श्री रेखलाल कनोजे,हर्ष राहंगडाले पिता श्री सुरेश राहंगडाले 10वाँ स्थान प्राप्त किया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे मे युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में राधादेही ग्राम के समीप सुबह के समय एक सड़क हादसा हुआ। शिवराम (38 वर्ष) अपनी बाइक से डूंडा सिवनी जा रहे थे। राधादेही गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसके कारण वह गंभीर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचित किया। घायल शिवराम को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो व वाहनों का आना जाना अधिक होता है। घटना के समय लोग घटनास्थल में लोग या अन्य वाहन मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है।

# घंसौर क्षेत्र बिक रही अवैध शराब

सिवनी जिले के घंसौर विकास खंड स्थित जेतपुरी गांव के लोगों ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गांव की महिलाएं और पुरुष बुधवार दोपहर थाना कार्यालय पहुंचे और शराबबंदी की मांग की। महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार चल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इससे गांव की युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। शराब के कारण गांव में लड़ाई-झगड़े बढ़ गए हैं। इससे न केवल शांति व्यवस्था बिगड़ रही है, बल्कि स्कूली बच्चों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। घरेलू हिंसा की घटनाएं भी बढ़ गई हैं।

ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कच्ची शराब के कारोबार को पूरी तरह बंद करने की मांग की। गांव के लोगों ने शराब के खिलाफ एक समिति भी बनाई है। यह समिति अवैध शराब बनाने वालों और पीने वालों पर नजर रखेगी। किसी भी गतिविधि की सूचना पुलिस को दी जाएगी। झारिया थाना प्रभारी ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही पुलिस और आबकारी टीम सेबात करेंगे। गांव में शराब बंदी के लिए कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान गांव की महिलाओं के साथ अन्य ग्रामवासी भी मौजूद थे।


शराब बंदी को लेकर ग्रामवासियों ने सौपा ज्ञापन

### बिना अनुमति नूल कूप खनन करते मशीन जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र ग्राम पायली में खेत के कुएं में बिना अनुमति के नल कूप खनन करते मशीन जब्त की गई है। बंडोल तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल धीरेन्द्र सिंह गुमास्ता ने बताया कि पायली निवासी गनेश प्रसाद सनोडिया खेत के कुंए में नल कूप खनन करा रहे थे। कम्प्रेशर मशीन का चालक श्याम सूर्यवंशी पिता मांगीलाल सूर्यवंशी निवासी नापाखेड़ा जिला मंदसौ, वाहन ड्रिल मशीन का चालक अर्जुन मालवीय पिता बगदीराम मालवीय निवासी केलूखेड़ी जिला मंदसौर के संचालक को पेय जल परीक्षण अधिनियम 1986 धारा 4/9 का उल्लंघन करना पाया गया। मशीनों को जब्त किया गया है। जिले में 15 मार्च से 31 जुलाई तक के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। वाहन को जब्त कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जनसुनवाई एवं सी एम हेल्पलाइन हुई बेअसर

# भ्रष्टाचार, गबन में लिप्त सरपंच, सचिव पर सात वर्षों बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के जनपद पंचायत कुरई के ग्राम पंचायत पिपरवानी में गवन, भ्रष्टाचार के मामले को लेकर मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर संस्कृति जैन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वर्ष - 2015 से 2018 तक पंचायत में भारी भ्रष्टाचार हुआ। शासन की योजनाओं को जमकर पलीता लगाया गया। तत्कालिन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य ने जमकर मनमानी की। बिना बैठक आयोजित किए ही - लाखों रुपए की राशि का आहरण कर लिया गया। तीन साल में पंचायत में मीटिंग नहीं हुई और खर्च होता रहा।



भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत प्रशासन से की थी। इसके बाद जनपद पंचायत से टीम गठित कर जांच हुई और रोजगार सहायक, सरपंच, सचिव सहित अन्य लोग दोषी भी पाए गए, लेकिन आज तक उन पर कार्यवाही नहीं हुई है। जबकि ग्रामीण इससे पहले भी कई बार जनसुनवाई में ज्ञापन दे चुके हैं। ग्रामीणों का कहना था कि भ्रष्टाचार के मामले में आरोपियों पर जब तक कार्यवाही नहीं होगी तब तक व्यवस्था नहीं सुधरेगी। इस मामले में जो भी दोषी हैं उन पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और पैसे की वसूली होनी चाहिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

## संत भूरा भगत ज़ी की जयंती मनाई गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चिंतन के प्रणेता कतिया समाज के पूजनीय संत भूरा भगत ज़ी की जयंती माँ बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा मे बड़े धूम धाम से मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत मे सामाजिक धव्ज पहराया गया उसके बाद भगत ज़ी के आराध्य भगवान भोलेनाथ की पूजा कर ने के बाद संत भूरा भगत ज़ी की आरती की गई. भूरा भगत मंदिर के मुख्य पुजारी ताराचंद शिववेदी के द्वारा संत भूरा भगत ज़ी के द्वारा किये गए आध्यमिक एवं सामाजिक कार्यों क़ो उपस्तिथ लोगो क़ो बताया गया. भूरा भगत ज़ी भोलेनाथ के परम भक्तो मे से एक थे, उन्होंने शिव ज़ी के लिए जनेऊ बनाकर अर्पित किया था.भूरा भगत ज़ी का जन्म कतिया समाज मे हुवा था. तब से ही कतिया समाज के लिए भूरा भगत ज़ी पूजनीय एवं आदर्श हैं. भूरा भगत मंदिर ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष उनके जन्मदिन पर सामाजिक आयोजन कर उनका जन्मदिन दिन मनाता आ रहा है. कार्यक्रम मे कुरई, बरघाट, छपारा, सिवनी के सामाजिक बंधुवो के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों ने सहभागिता की. अंत मे सामाजिक बंधुवो भंडारा महाप्रसाद का आनंद लिया. मुख्य पुजारी ताराचंद शिववेदी ने सभी आँगनतुको का आभार किया।



# निशुल्क प्रवेश हेतु आवेदन के सत्यापन कर्ताओं का हुआ प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नवीन शैक्षिक सत्र 2025 -26 के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का प्रारंभ हो गया है ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदनों का जन शिक्षा केंद्र स्तर पर सत्यापन करने वाले सत्यापन कर्ता अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अरुण राय, बीआरसी सी सिवनी द्वारा जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी में आयोजित प्रशिक्षण में - राज्यशिक्षा केंद्र से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार- वंचित एवं कमजोर समूह की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन तत्पश्चात आनलाइन सत्यापन करने, पात्र अपात्र आदि बिंदुओं की जानकारी पीपीटी एवं टीव्ही के माध्यम से दी गयी। अरुण राय ने बताया कि सभी उपस्थित प्राचार्य, जनशिक्षक एवं शिक्षको को कहा कि सभी जनशिक्षाकेंद मुख्यालय मे निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की समयसारिणी को चस्पा करेगे एवं प्रचार प्रसार भी करेगे।

दी गयी समय सारिणी अनुसार आवेदक दि.07मई से 21 मई तक आवेदन कर सकेगै दिनांक 07 से 23 मई तक आवेदन का जनशिक्षाकेंद मुख्यालय मे सत्यापन होगा दिनांक 29 मई को लाटरी से स्कूल आवंटित होगे जिसकी सूचना आवेदको को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नं. पर प्राप्त होगी तत्पश्चात दिनांक 02 से 10 जून तक आवंटित स्कूल मे मूल दस्तावेजों एवं मोबाइल के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकेगे।



अरुण राय ने ऐसे सभी पात्र आवेदको से कहते हुए आगे बताया कि आवेदन के बाद, कंप्यूटर जनरेटेड पावती ऐवं सत्यापन प्रपत्र लेकर जनशिक्षाकेंद मे जाकर मूल दस्तावेजों से मिलान कराते हुए, सत्यापन अनिवार्य रुप से कराया जावे, अन्यथा सत्यापन न होने पर, पात्र अपात्र एवं लाटरी मे शामिल नहीं होगा। इसी तरह लाटरी से स्कूल आवंटन मिलने पर संबंधित स्कूल मे निर्धारित तिथि मे उपस्थित होकर आनलाइन प्रवेश कराना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि में प्रवेश नही कराने पर आवंटन/प्रवेश स्वतः रद्द हो जाएगा। बैठक सह प्रशिक्षण में प्राचार्य, जन शिक्षक एवं तीन-तीन शिक्षक के अलावा जनपद शि



## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने इंटकवेल का जायजा लिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा इंटकवेल का जायजा लिया।आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा इंटकवेल पहुंचकर अधिकारियों के साथ जायजा लिया। इस दौरान आपने बताया कि लेबल के हिसाब से इंटकवेल मे लगभग 7 से 8 फिट पानी है इस लेबल से हमे एक माह पानी मिलता रहेगा। इंटकवेल मे पानी काफी है जिसे जून माह तक सिवनी की जनता को पानी पिलाया जा सकता है। राय ने कहा कि आम जनमानस को पानी को लेकर भ्रमित न करें। इस अवसर पर नगर पालिका एवं राजस्व के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# म.प्र शिक्षक संघ ने मेधावी छात्रों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी ने मेधावी छात्रों का सम्मान किया है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ राष्ट्र हित शिक्षा हित छात्र हित एवं शिक्षका हित पर कार्य करता है। इसी कड़ी में आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी द्वारा जिले में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी श्रद्धा सनोडिया जिसने गृह विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय में कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी माही यादव जिसमें कक्षा दसवीं में 96.4% कुमारी नेहाल बघेल जिसने कक्षा दसवीं में 93.4% तथा कुमारी कृपा बघेल कक्षा 12वीं में 89% अंक प्राप्त किया है। विद्यालय में पहुंचकर छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनका सम्मान किया।



इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती आराधना राजपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे संघ के प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष के अविनाश पाठक जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा हरि शंकर यादव, अजय यादव, बृजकिशोर शर्मा, विनोद त्रिवेदी, दीनदयाल अवधिया, उमेश यूके, सुशील भांगरे एवं संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक श्रीमती रश्मि राय, राज किशोर दुबे, अनिल पलवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों का सम्मान करते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की गई तथा भविष्य में इसी प्रकार जिले को गौरवान्वित करने का छात्रों ने संकल्प लिया।

# वैश्य महासम्मेलन जातिगत जनगणना का स्वागत करता है-सुधीर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वैश्य महासम्मेलन की क्षेत्रीय बैठक सिवनी के सुप्रतिष्ठित होटल रजवाड़ा में प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल भोपाल की अध्यक्षता और कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष संदेश जैन जबलपुर, महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन जबलपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी नेमा व प्रदेश संगठन महामंत्री विजय झांझरी छिंदवाड़ा, संगठन सह प्रभारी राजकुमार गुप्ता प्रिंस ग्वालियर, प्रदेश महामंत्री मनीष अग्रवाल सिवनी, सत्यनारायण अग्रवाल बालाघाट और सुनील कोठारी नरसिंहपुर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक में वैश्य महासम्मेलन के जबलपुर संभाग, बालाघाट संभाग और छिंदवाड़ा संभाग की वरिष्ठ, महिला और युवा इकाई के संभागीय पदाधिकारी तथा आठों जिले जबलपुर नगर, जबलपुर ग्रामीण, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुरना, बालाघाट और मंडला के जिला पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलदेवी मां लक्ष्मी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया और सर्वश्रीमति शीतल अग्रवाल, हनी गुप्ता, शतादी बाझल एवं अनुष्का सोनी द्वारा वैश्य गान प्रस्तुत किया गया। सिवनी महिला इकाई की सर्वश्रीमति ऋतु दहिकर, इंदिरा सराफ, सोनिया सोनी, रजनी कौशल, संजना सोनी, संगीता अग्रवाल, प्रीति कौशल, ज्योति साहू एवं अंजलि जैन ने लव-जिहाद विषय पर एक भावपूर्ण नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जिसे सदन ने मंत्रमुग्ध होकर देखा और करतल ध्वनि के बीच बहुत सराहा। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में जातिगत जनगणना का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्य महासम्मेलन इसका स्वागत करता है। यह वैश्यजनों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने सभी आठ जिलों के कार्यक्रमों और उपलब्धियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन द्वारा आगामी 1 जून को इंदौर के रविन्द्र नाट्य गृह में अखिल भारतीय वैश्य तलाकशुदा, विधवा-विधुर, विकलांग एवं अधिक उम्र युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। वैश्यजनों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। अभी भी 20 मई तक प्रविष्टि भेजी जा सकती है। प्रदेश संगठन महामंत्री विजय झांझरी ने अपने चिरपरिचित ओजपूर्ण संबोधन में कहा कि संगठन को उत्तरोत्तर मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से छिंदवाड़ा जिले में लागू सीजीएमआरएस योजना का जिक्र किया। संगठन सह प्रभारी राजकुमार गुप्ता प्रिंस ने व्यक्तित्व विकास और नए लघु उद्योगों को स्थापित करने संबंधी कार्यक्रमों को आयोजित करने पर बल दिया। मनीष अग्रवाल द्वारा आभार प्रदर्शन और सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।




### जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने लगाई चौपाल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन अंतर्गत,ग्राम चूलगांव में विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पंचायत सरपंच लक्ष्मी बाई पंच सोमा बाई,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गोकुल इनवाती,मोबीलाइजर, नवांकुर संस्था सोहागपुर ग्राम उत्थान समिति के सदस्यों,परामर्शदाता,ग्राम के जनप्रतिनिधि,ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम में दीवार लेखन,स्वच्छता कार्यक्रम और जनजागरुकता विषय पर,पंचायत भवन में जल संरक्षण पर चौपाल संगोष्ठी की गई, कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्रों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार विकासखंड कुरई अंतर्गत खेल परिसर कुरई में सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाडियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाना है। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाना है।

उन्होंने बताया कि आवेदन फार्म प्राप्त करने की तिथि 10 मई से 10 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। चयन प्रकिया 15 जून से 25 जून तक की जायेगी। इच्छुक अभ्यार्थी एवं पालक कार्यालीन समय प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

## आर.सी.टी.सेंटर सिवनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में दिनांक 7.5.2025 को आर.सी.टी. सेंटर सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्रीमती पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी नालसा अंतर्गत योजना एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उक्त शिविर में उपस्थित सुश्री गार्गी शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, गरीबी उन्मूलन योजना, महिला अपराध की जानकारी प्रदान की गई।

# कांग्रेस आज निकालेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारतीय प्रशासित जम्मू और कश्मीर में पहलगाम के पास पॉच सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रेल 2025 को पर्यटकों पर हमला कर 28 नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्त नाबूद कर वहॉ छुपे आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया, भारतीय सेना के इस साहसिक कार्यवाही से समुचे देश के जनमानस की छाती को गर्व से चौड़ा कर दिया। भारतीय जनमानस इस आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान में छुपे आतंकवादियों से बदला लेने की मांग कर रहा था जो कि भारतीय सेना ने 6 मई 2025 की मध्य रात्रि के बाद दुर्दांत आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर ध्वस्त कर दिया, जिसमें वहॉ छुपे सैकड़ो की संख्या में आतंकी मारे गये। सेना की इस कार्यवाही से समुचे देश की जनता सेना के शौर्य पर गर्व कर रही है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय सेना की इस कार्यवाही पर सेना के शौर्य के सम्मान में दिनांक 9 मई 2025, दिन शुक्रवार को 4 बजे तिरंगा यात्रा छिन्दवाड़ा चौक से लेकर नगरपालिका से होकर नेहरू रोड़, गांधी चौक शुक्रवारी तक जायेंगी, जिसमें जिले के सभी संगठन एवं गणमान्य नागरिको से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सेना का मनोबल बढ़ाने एवं एकता का संदेश देने की अपील की है।

## शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मालवा माटी के गौरव पूज्य सदगुरूदेव भगवान पं. कमलकिशोर के नागर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण और ज्ञानयज्ञ भव्य दिव्य आयोजन के कल से शुरू हुई जिसमें कथा स्थल का स्थान निज निवास मंगलीपेठ, सिवनी में दिनांक 7 मई 2025 से 13 मई 2025 तक कथा व्यास पूज्य आशीर्वाद महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) वाले बांकेबिहारी की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा में सपरिवार और नगर के सभी लोग पधारकर धर्म लाभ अर्जित करें पता महावीर मढ़िया सिवनी से दोप. 2 बजे से कथा समय दोप. 3 बजे से सायं 6.30 बजे तक इसके अलावा हवन पूर्णाहुति ब्राम्हाण कन्या भोज भंडारा दिनांक - 14 मई 2025 दिन बुधवार को होगा इस कथा का आयोजन मांगलिपेठ निवासी मोहन यादव-श्रीमति लता यादव जजमान के रूप में होंगे इसके अलावा रुपेश यादव, राजेन्द्र सिंह, (राजू) राहुल यादव,, आभास यादव एवं समस्त यादव परिवार इस कथा में सहयोगी के रूप में सम्मिलित होंगे यादव परिवार ने कथा में पधारने का आग्रह किया है और कथा सुनकर पूर्ण लाभ कमाए।



### बालाघाट रोड को ओवर ब्रिज सहित फोरलेन बनाया जाये- डॉ.बिसेन

# पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से भेंट कर जल संकट सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु रखें सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वर्तमान में सिवनी बालाघाट मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हैं। यदि म.प्र. शासन की ओर से प्रयास किया जाये तो यह मार्ग नेशनल हाईवे में परिवर्तित हो सकता है और एनएचएआई के माध्यम से फोरलेन सड़क बन सकती है।

मेरे संसदीय कार्यकाल में तत्कालीन एवं वर्तमान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मेरे द्वारा यह मांग रखी गई थी जिसके परिप्रेक्ष्य में श्री गडकरी द्वारा घोषणा भी कर दी गई थी। गत दिवस यह मांग पत्र के माध्यम से एवं भोपाल प्रवास दौरान पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र. शासन मोहनलाल यादव से भेंट के दौरान की गई।

डॉ. बिसेन की इस मांग पर मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा यथोचित कार्यवाही करने का आवश्वासन दिया गया हैं।

गत दिवस पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव से सिवनी बालाघाट रोड को फोरलेन बनाने एवं बरघाट नाका रेलवे क्रासिंग में ओवर ब्रिज बनाने राजस्व परिपत्र 6-4 अंतर्गत आम की फसल की नुकसानी का मुआवजा देने एवं पेंच का पानी बबरिया तालाब तक पहुंचाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

डॉ. बिसेन ने बताया कि आपकी घोषणा अनुरूप सिवनी बालाघाट मार्ग का निर्माण कार्य की प्रक्रिया म.प्र. सड़क विकास निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। आदेश अनुसार इस कार्य हेतु 15 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। आग्रह है कि इस मार्ग को सिवनी शहर के जीरो माईल से बनाया जाये साथ ही सिवनी शहर के भीतर बरघाट नाका रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज भी इसमें शामिल किया जाये। यदि शासन चाहे तो यह मार्ग एनएचएआई को सौंप कर इसे फोरलेन बनवा सकता है। मेरी मांग पर मेरे संसदीय कार्यकाल में तत्कालीन एवं वर्तमान सड़क परिवहन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषणा भी की जा चुकी थी। डॉ. बिसेन ने मुख्यमंत्री का भीमगढ़ जलावर्धन एवं बबरिया जलावर्धन योजना की तकनीकी खामियों के चलते शहर के गंभीर जल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया कि माचागौरा जलाशय पेंच परियोजना का पानी नगझर, कोहका, कंडीपार या जहां भी संभव हो नहर या इंटकवेल के माध्यम से बबरिया जलाशय में पहुंचा दिया जाये तो शहर की जल समस्या का आसानी से निराकरण हो जायेगा।



डॉ. बिसेन ने इस ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया कि आंधी तूफान, ओला वृष्टि या अन्य प्राकृतिक आपदा के चलते आम की फसल को काफी नुकसान होता है। म.प्र.शासन के राजस्व परिपत्र 6-4 में नुकसान पर मुआवजे का प्रावधान है किंतु राजस्व विभाग द्वारा प्रकरण न बनाये जाने के कारण किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा प्रकरण न बनाये जाने से बीमा कंपनी भी क्लेम नहीं देती है। आग्रह है कि राजस्व विभाग एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर आम की फसल की नुकसानी का प्रकरण बनाने के निर्देश जारी किये जाये ताकि किसानों को आर्थिक हानि न उठाना पड़े। उन्होंने जल संसाधन विभाग में सांसद एवं विधायक निधि या अन्य मद से होने वाले नहर, तालाब सहित अन्य निर्माण कार्यों पर तत्कालीन प्रमुख सचिव श्री जुलानिया द्वारा लगाई गई रोक को हटाने की भी मांग रखी, ताकि किसानों के हित में जनप्रतिनिधियों के मद से विभाग द्वारा कार्य किये जा सके।

## खबर संक्षेप

### दसवीं में उत्कर्ष मानकर ने प्राप्त की शानदार सफलता



**कटंगी।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए है. नगर के सीएम राइज स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र उत्कर्ष मानकर ने कड़ी मेहनत से परीक्षा में 92. 2 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता हासिल की है. जिससे उत्कर्ष के माता-पिता और अन्य परिजनों में बेहद उत्साह है और वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है. उत्कर्ष के पिता राजकुमार मानकर ग्राम पंचायत आंजनबिहरी में सचिव और माता संगीता मानकर गृहिणी है. मूल रूप से तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल की ग्राम पंचायत कन्हड़गांव के निवासी राजकुमार मानकर के पुत्र उत्कर्ष मानकर की इस उपलब्धि की गांव में भी खूब चर्चा हो रही है और ग्रामीण अपने बच्चों को उत्कर्ष की तरह मेहनत कर परिवार और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित कर रहे है. उत्कर्ष ने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने स्कूल के स्टाफ और माता-पिता को दी है.

### सिंजेन्टा इंडिया प्रा.लि. में किसानों को दिया प्रशिक्षण



**कटंगी।** नगर के सिवनी रोड़ स्थित सागौन वन में सिंजेन्टा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण में जिला प्रबंधक ने किसानों को फसल का उत्पादन कैसे बढ़ाए इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है. देश और प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग प्रकार की फसल लगाई जाती है. सिंजेन्टा गांव-गांव तक किसानों के बीच पहुंचकर फसल उत्पादन कैसे बढ़ाया जाना है और किस तरह से फसलों की सुरक्षा करनी है. फसल चक्र क्यों जरूरी है. सिंजेन्टा प्रमुख तौर पर धान, गेहुं और मक्का के उत्पादन करने वाले किसानों के लिए कार्य करती है. उन्होंने बताया कि 30 गांवों के किसानों को आज प्रशिक्षण दिया गया है.

### 10 को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**कटंगी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण और सचिव माननीय न्यायाधीश सतीश शर्मा के निर्देशन पर व्यवहार न्यायालय कटंगी में शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है. न्यायिक मजिस्ट्रेट अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमती नेहा ठाकुर के मार्गदर्शन में यह आयोजन होगा. जिसमें न्यायालय में लंबित आपराधिक, शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले एम.ए.सी.टी. (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, जल कर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोडकर) सेवा मामले, जो सेवानिवृत्ति संबंधी लोगों से संबंधित हैं, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले और अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रिलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाएगा. अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमती नेहा ठाकुर ने आम जनता से अपील है कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, वैवाहिक प्रकरण, जल कर/ बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोडकर) तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव की छात्रा भाव्या उके ने दसवीं में 500 में 477 अंक हासिल किये

# खाली जेब, पर हौसले बुलंद....गांव की बिटिया ने रच दिया इतिहास, एमपी टॉपर्स में बनाया स्थान!

**लांजी।** बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कांद्रीखुर्द निवासी भाव्या उके ने एमपी बोर्ड 10 वीं (अंग्रेजी माध्यम) की परीक्षा में 477 अंक हासिल कर प्रदेश में 13 स्थान पाया है। छोटे से ग्राम भानेगांव के एक निजी स्कूल में पढ़ाई कर यह सफलता पाने वाली भाव्या ने साबित किया कि मेहनत और लगन से कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती। जिले के एक छोटे से गांव से निकलकर गांव की बिटिया ने राज्य स्तर पर शिक्षा की दुनिया में बड़ा कीर्तिमान रच दिया है। एमपी बोर्ड के 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) के नतीजों में भानेगांव के अल्फा पब्लिक स्कूल की छात्रा भाव्या ने 477 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में 13 स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि ने ना सिर्फ उनके माता-पिता का, बल्कि पूरे बालाघाट जिले का मान बढ़ाया है।




### कठिन परिस्थितियों में भी नहीं टूटा हौसला.

भाव्या का यह सफ र बेहद प्रेरणादायक है। कांद्रीखुर्द गांव निवासी भाव्या एक मजदूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं उनके पिता सुजीत उके मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद भाव्या ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया। वहीं भाव्या के दादाजी श्री बलिराम जी उके जो ग्राम कांद्रीखुर्द में कोटवार है, का बहुत ज्यादा सहयोग भाव्या को मिला है जिसके परिणाम स्वरूप भाव्या ने आज प्रदेश में अपना नाम दर्ज कराया है। वहीं उनकी माता श्रीमती रक्षा उके जो स्वयं पारिवारिक स्थिति को देखते पति और ससुर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिवार के पालन पोषण में सहयोग करती है, बिटिया को कभी भी पढने से नहीं रोका। भाव्या की माता श्रीमती रक्षा उके ने बताया की उनकी बिटिया नर्सरी से अल्फा पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रही है। साथ ही उनकी छोटी बेटी अक्षरा भी इसी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही है।

### स्कूल और परिवार का रहा योगदान

भाव्या की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का सहयोग और अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था का भी अहम योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी भी प्राइवेट कोचिंग का सहारा नहीं लिया। हमेशा यू ट्यूब और स्कूल के उच्च शिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी पढ़ाई जारी रखी और परिणाम आज सबके सामने है, और भविष्य में वह चार्टड अकाउंटेट के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। उनकी छोटी बहन अक्षरा इस समय कक्षा आठवी में अल्फा पब्लिक स्कूल में ही अध्यनरत है। उल्लेखनीय है की अल्फा पब्लिक स्कूल की शुरूआत 11 जुलाई 1998 में ग्राम भानेगांव में एक कोठे से हुई थी जो समय के साथ अपनी योग्यता साबित करते हुए पिछले कुछ वर्षों से लगातार अपने परिणामों से क्षेत्र सहित जिला मुख्यालय के स्कूलों को भी चौंका रहा है। अल्फा पब्लिक स्कूल के परिणामों को प्रदेश की सूची में लाने में स्कूल के संचालक सेवक राम बल्ले, हेमंतकुमार बिसेन प्राचार्य, रेखा आठोड़े शिक्षिका, सत्यवती बेदरे, उमा बिसेन, सिमोन नायक, उड़ीसा, एलिस लाकरा अंबिकापुर, प्रियंका यादव बनारस का भी सराहनीय योगदान रहा है।

### मेहनत और समर्पण की मिसाल बनी भाव्या

यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि अगर छात्र में जज्बा हो और शिक्षक सही मार्गदर्शन दें, तो ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के छात्र भी प्रदेश स्तर की मेरिट में जगह बना सकते हैं। भाव्या की मेहनत और समर्पण न केवल अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा बल्कि अन्य स्कूलों के प्रति समाज की सोच को भी बदलने का काम करेगा। भाव्या उके जैसे होनहार बच्चे यह दिखा रहे हैं कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उनके जैसी कहानियां न सिर्फ प्रेरणा देती हैं, बल्कि यह भी सिखाती हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी अगर इरादा मजबूत हो, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

### फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवती की लाश, जांच में जुटी पुलिस



**लांजी।** पुलिस थाना लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनार ककोड़ी में एक युवती की मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही लांजी पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा आदि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

यह पूरी घटना गुरुवार 8 मई की सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका राखी पिता सुनऊ राऊत है। राखी का शव उसी के घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। राखी ने फांसी क्यो लगाई कारण अज्ञात है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर पंचनामा आदि आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतिका का शव सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## पूर्व जनपद सदस्य अंजु शर्मा के प्रयासों से बोनकट्टा डिपो में पहुंचा बांस

### बांस की सामग्री बनाने वाले बसोड़ समाज को मिली राहत

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के कई गांवों में बसोड़ समाज के लोग बांस की सामग्री बनाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते है लेकिन बीते कुछ महीनों से बांस की किल्लत होने से इस समाज के लोगां के सामने रोजी-रोजी और परिवार को पालने का संकट खड़ा हो गया था. अपनी इस व्यथा को बसोड़ समाज के लोगों ने पूर्व जनपद पंचायत सदस्य अंजु विजय शर्मा को बताई थी. समाज की समस्या को देखते हुए पूर्व जनपद सदस्य ने विभागीय अधिकारियों से लगातार चर्चा की. जिसके बाद गुरूवार की दोपहर करीब साढ़े 03 बजे के आस-पास दक्षिण उत्पादन वन मंडल ने एक ट्रक बांस बोनकट्टा डिपो में पहुंचाया है. बांस के आने से बसोड़ समाज के लोगों ने राहत की सांस ली है. दरअसल,



बसोड़ समाज के लोग परंपरागत रूप से बांस की चीजें बनाने और इसे बेचने का काम करते हैं. अभी बांस की किल्लत होने के कारण बसोड़ समाज के लोग बांस की वस्तुएं नहीं बना पा रहे थे. इन्हें आर्थिक दिक्कत हो रही है. वहीं अपने पेशे में पूरी तरह से निपुण यह लोग लगातार विभाग से बांस प्रदान करने की मांग कर रहे थे. जब विभागीय अधिकारियों से मांग करने पर बात नहीं बनी तो उन्होंने पूर्व जनपद सदस्य को अपने समस्या बताई थी. जनपद सदस्य ने वन विभाग के अधिकारियों को आभार व्यक्त किया है. गौरतलब हो कि समाज के लोगों को पहले वन विभाग के डिपो से सस्ते में बांस मिल जाता था. आज भी मिलता है लेकिन जितनी बांसों की मांग की जाती है उतनी संख्या में नहीं मिल पाता. ऐसे में जब कभी विभाग समय पर बसोड़ समाज को बांस उपलब्ध नहीं करवाया तब समाज के लोग गांव गांव घूम-घूमकर ऊंची कीमत पर बांस खरीदते है. महंगे बांस ने भी इस समाज की आर्थिक सेहत को बिगाड़ दिया है. बांस से बने उत्पाद को पहले बाजार-बाजार घूम कर बेचने से कुछ कमाई हो जाती थी. लेकिन आधुनिक समय में बांस से बने सामानों का विकल्प दूसरे धातुओं ने ले लिया है. जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब होती जा रही है. खैर, फिर भी इस समाज के लोग अपनी पारंपरिक व्यवसाय के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए इस कार्य को कर रहे है. वहीं दूसरी एक बड़ी वजह समाज में फैली अशिक्षा भी है.

## 108 से पहुंचे घायल को न वार्ड बॉय मिला, न इलाज

# CT स्कैन के इंतज़ार में बिगड़ी हालत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 07 मई 2025 की दोपहर करीब 3 बजे बम्हनी क्षेत्र के सतबहनी मंदिर के पास साइकिल सवार ओम प्रकाश लोधी को एक तेज रफ्तार इनोवा वाहन (क्रमांक MP07-BA-5508) ने टक्कर मार दी। हादसे में ओम प्रकाश को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गए।

घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय मंडला रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने के कारण बाद में उन्हें जबलपुर ले जाया गया। इस पूरे मामले में जिला चिकित्सालय मंडला की स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही भी सामने आई है। घटना के संबंध में बी.एस. ठाकुर ने बताया कि घायल ओम प्रकाश लोधी को शाम लगभग 5:45 बजे 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहाँ कोई वार्ड बॉय या गार्ड मौजूद नहीं था। परिजनों को स्वयं स्ट्रेचर लाकर घायल को खींचते हुए आकस्मिक कक्ष (कक्ष क्रमांक 14) में ले जाना पड़ा। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने 15 नंबर कक्ष में ड्रेसिंग के लिए भेजा और तत्काल रेफर की पर्ची बना दी। जब परिजनों ने डॉक्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए यहीं इलाज किया जाए। इसके बाद केवल एक बॉटल चढ़ाई गई और ड्रेसिंग की गई।

सीटी स्कैन के लिए जब मरीज को भेजा गया तो वहाँ उपस्थित टेक्नीशियन ने कहा कि 7:30 बजे लाइट बंद हो जाएगी, और सीटी स्कैन सेंटर बंद करने की तैयारी करने लगीं। बी.एस. ठाकुर द्वारा डॉक्टर धुर्वे से बात करवाने के बाद भी उन्हें यही जवाब मिला कि लाइट बंद हो जाएगी, 8 बजे आकर करेंगे रात्रि 9:30 बजे तक भी सीटी स्कैन नहीं हो पाया, जिससे मजबूर होकर परिजन मरीज को प्राइवेट एम्बुलेंस से जबलपुर ले गए। घायल के नाक से खून निकल रहा था, कमर में फैक्चर, सिर में गंभीर चोटें और गर्दन की हड्डी भी टूटी थी।

व्हाट्सएप ग्रुप में बी.एस. ठाकुर ने आरोप लगाया कि पूरे जिला अस्पताल में न कोई सहयोगी कर्मचारी मिला, न वार्ड बॉय, न सुरक्षा गार्ड- स्वास्थ्य सेवाओं की घोर लापरवाही सामने आई है। घटना बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र की है और स्थानीय लोगों ने लापरवाह वाहन चालक एवं जिला अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नारायणगंज के दो प्रवाहित क्षेत्र में चल रहे हैं ओवरलोड वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

बस स्टैंड से डुब प्रभावित क्षेत्रों में थाने के सामने से निकल रहे ओवरलोड वाहन जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इस रोड में आए दिन कभी भी दुर्घटना होती रहते हैं ओवरलोड होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई साल पुरानी खराब गाड़ी भी इसी रोड में चलाई जा रही हैऔर मौत के मुंह में बैठकर गाड़ी वाले अपने कमाई के सामने किसी प्रकार कोई व्यवस्था नहीं की जाती ऑटो चालक जीप कमांडर में खड़े होकर यात्रियों को ले जाया जाता है पर अभी तक कोई कार्यवाही न होने कारण गाड़ी वालों के हौसले बुलंद हैं किराया भी कोई निश्चित नहीं है सीजन के अनुसार अभी शादी विवाह का सीजन चल रहा है उसमें कराया मनमाना वसूल किया जा रहा है अतः प्रशासन से निवेदन है कि शीघ्र कार्यवाही की जाए।

### आदित्य साहू ने अर्जित किये 12वी कक्षा में 91%

**मण्डला।** आदित्य साहू ने 12वी कक्षा में 91% (maths) प्राप्त करके अपने विद्यालय भारत ज्योति का नाम रोशन किया । आप संजय कुमार साहू निवासी collected colony के सुपुत्र है। आदित्य ने बताया कि JEE mains clear करलिया है और यह जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं।इन्होंने स्कूल में चोथा स्थान प्राप्त किया है।

### कक्षा दसवीं की परीक्षा में 05 भैया/बहिनों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया

**बम्हनीबंजर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदहा वार्ड बम्हनी बंजर से 52 भैया/बहिन सम्मिलित हुए। जिसमें बहिन अंतरा पाण्डेय पिता श्री अरूण कुमार पाण्डेय ने 489/500 अंक अर्जित कर 97.8% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ मंडला जिले में द्वितीय स्थान पर रही, बहिन प्राची हरदहा पिता श्री गजेन्द्र हरदहा ने 480/500 अंक अर्जित कर 96% के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान, बहिन भावना साहू पित भजन लाल साहू ने 477/500 अंक अर्जित कर 95.4% के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान, बहिन याशिका जंघेंला पिता राजेंद्र जंघेंला ने 464/500 अंक अर्जित कर 92.8% के साथ विद्यालय में चतुर्थ स्थान एवं भैया प्रथम कुमार टांडिया ने 463/500 अंक अर्जित कर 92.6% के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें 42 भैया/बहिन प्रथम , 05 भैया / बहिन द्वितीय एवं 05 भैया /बहिन तृतीय स्थान पर रहे।